# यूपी में आसान होगा तालाबों का पट्टा आवंटन, सीएम योगी को पत्र लिखने मत्स्य मंत्री संजय निषाद

**यूपी में तालाबों का पट्टा आवंटन प्रक्रिया और सरल होगा। हाल ही में मीन महोत्सव में मत्स्य पालकों ने पट्टा आवंटन और एसडीएम स्तर पर अनुमोदन में आ रही समस ...और पढ़ें**



(जीएनएस)।

लखनऊ। मत्स्य पालन के लिए तालाबों के पट्टा आवंटन में आ रही मुश्किलों को दूर करने और प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए मत्स्य विभाग प्रयास तेज करने जा रहा है।

हाल ही में हुए मीन महोत्सव में मत्स्य पालकों ने पट्टा आवंटन न होने से लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) स्तर से अनुमोदन मिलने में आ रही समस्याएं उठाई थीं। जिसके बाद मत्स्य मंत्री संजय निषाद द्वारा इनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा जाएगा।

प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक तालाबों के पट्टे आवंटित करने की कोशिश चल रही है। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य सहकारी समितियों को गठन कर भी पट्टे आवंटित किए जा रहे हैं।

पट्टे को लेकर भी मिली थी शिकायतें

मीन महोत्सव के दौरान सहकारी समितियों के लिए तालाबों के पट्टा आवंटन की दर व्यक्तिगत पट्टों से दोगुणा होने का मामला उठाया गया था। साथ ही पट्टे के लिए चयन होने के बाद एसडीएम स्तर से अनुमोदन न मिलने की भी शिकायतें मिली थीं।

पट्टों के आवंटन में नियमों की अनदेखी करने की भी बात कही गई थी। इस मत्स्य मंत्री ने समस्या निदान का आश्वासन दिया था। मंत्री ने बताया कि मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए हमारी कोशिश है कि सभी पट्टों का आवंटन पात्रों को आसानी से किया जा सके।

इस संबंध में वह मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। तालाबों के पट्टा आवंटन की दर में समानता, अभिलेखों के अंकित रकबे के अनुसार आवंटन और अनुमोदन की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए मांग की जाएगी।

# होली का त्योहार बुधवार को क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। होली का त्योहार बुधवार को क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। चारों ओर हवा में उड़ता अबीर-गुलाल और रंगों से सराबोर लोग। यह नजारा देख हर कोई होली के रंग में रंग गया और जमकर होली खेली गई।

होली के त्योहार में लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। एक सप्ताह पहले ही लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सोमवार/ मंगलवार की रात होलिका दहन होने के बाद बुधवार को दिन भर रंगों का दौर चलता रहा। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपने हम उम्र साथियों के साथ पिचकारियों व अन्य माध्यमों से होली के त्योहार का लुत्फ उठाया।



दिन भर यही दौर चलता रहा। लोगों का एक दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा। होली का उल्लास इतना था कि गांव की सूनी पड़ी गलियों से जो भी निकला वह पूरी तरह होली के रंगों में रंगा हुआ नजर आया।

दोपहर बाद होली मिलन का कार्यक्रम शुरू हुआ और हिन्दू - मुस्लिम सभी एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। होली मिलन का कार्यक्रम देर रात्रि चलता रहा।

**प्रशासन की रही चौकसी**

होली एव शबे बरात के साथ साथ को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय रहा क्षेत्राधिकारी गरिमा पंथ से लेकर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी तक होलिका दहन से लेकर होली मिलन तक गस्त पर रहे। क्षेत्राधिकारी ने जहाँ भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रो में भृमण किया वही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, अतरिक्त निरीक्षक सनत मिश्रा चौकी प्रभारी सहादतगंज संतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, अभय गुप्ता, राजकरन सिंह, राम नायक सिंह, राशिद खान , रमेश्चंद्र, राकेश यादव ने क्षेत्र में भृमण कर लोगो को होली की बधाई दी।

# पीलीभीत के बिलसंडा में नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता पर जानलेवा हमला

(जीएनएस)।

पीलीभीत के बिलसंडा क्षेत्र में गुरुवार को एक बाइक दुर्घटना के पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता और उनके साथियों पर ग्राम प्रधान कालीचरण ने समझौते के बहाने चुरिया गांव बुलाकर लाठी-डंडों व धारधार हथियारों से जानलेवा हमला करा दिया। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और चेयरमैन की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की शुरूआत बिलसंडा निवासी फाइनेंस मैनेजर श्यामू गुप्ता (पुत्र पप्पू गुप्ता) और चुरिया ग्राम प्रधान कालीचरण के बीच बाइक एक्सीडेंट को लेकर




विवाद से हुई। गुरुवार सुबह प्रधान के कथित अभद्र व्यवहार के बाद श्यामू ने अपने रिश्ते के भाई और चेयरमैन डीके गुप्ता को सूचना दी। दोपहर करीब 3 बजे प्रधान ने समझौते के नाम पर चेयरमैन को चुरिया बुलाया।चेयरमैन अपने साथियों अबरार, रंजीत कश्यप, रिजवान खान और सौरभ जायसवाल के साथ पहुंचे, तो प्रधान अपने भतीजों विपिन व धर्मेंद्र समेत करीब एक दर्जन गुर्गों के साथ घात लगाए बैठा था। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हल्ला बोल दिया। श्यामू गुप्ता का सिर भारी हथियार से फट गया, जबकि रंजीत, अबरार व रिजवान को भी जमकर पीटा गया। हमलावरों ने चेयरमैन की गाड़ी पर पथराव व लाठियों से हमला कर उसे तहस-नहस कर दिया।किसी तरह जान बचाकर पीड़ित थाने पहुंचे और तहरीर दी। श्यामू गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराने व मेडिकल परीक्षण की मांग की है। थाना प्रभारी सिद्धांत शर्मा ने बताया कि मामले की गहन जांच चल रही है। गांव में तनाव व्याप्त है।

# बीसलपुर-शाहजहांपुर रोड पर वैगनआर कार में एलपीजी रिफिलिंग के दौरान भयंकर आग, चालक मोइन खान झुलसे



(जीएनएस)।

बीसलपुर (पीलीभीत): बीसलपुर नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी मोइन खान अपनी वैगनआर कार में शाहजहांपुर रोड पर सितारा गेस्ट हाउस के पास एलपीजी गैस रिफिल करवा रहे थे। इसी दौरान अचानक कार में आग लग गई, जो कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर पूरी कार को राख कर गई। आग की चपेट में आने से मोइन खान गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहगीरों और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में अवैध एलपीजी रिफिलिंग का केंद्र बन चुका यह इलाका आए दिन ऐसी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। अब सवाल उठता है कि क्या प्रशासन इन अवैध रिफिलिंग वालों पर अब सख्ती करेगा?

# रहेडिया पुलिस चौकी थाना वजीरगंज ब बगरैन पुलिस चौकी पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व








बदायूं/ वजीरगंज बदायूं में होली का पावन पर्व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के बाद पुलिस प्रशासन ने वजीरगंज थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह एवं रहेडिया पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज धामा ब बगरैन पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव कुमार सिंह ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया होली का पावन पर्व बता दें कि पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से गांव व शहरों में निगरानी के साथ वा कडी सुरक्षा के साथ होली के पावन पर्व ब ईद की दृष्टिगत को देखते हुए शांति भंग करने वाले को पहले से ही यूपी पुलिस ने चेतावनी दे रखी थी कि कोई भी व्यक्ति होली पर शांति भंग करता पाया गया तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी आज थाना व चौकी पर धूमधाम से पुलिस प्रशासन ने मनाई होली एक दूसरे के रंग लगाकर ब गले मिलकर होली की दी बधाई

# होली पर अंधेरे में डूबी जल निगम कॉलोनी, बिजली विभाग की तैयारियों पर उठे सवाल

(एजेंसी)।

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में जहां एक तरफ होली पर्व को लेकर विद्युत आपूर्ति को सुचारु रखने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। मध्यांचल डिस्कॉम के गोमती नगर जोन के अंतर्गत सेक्टर-25 क्षेत्र स्थित जल निगम कॉलोनी में लगभग आधे घंटे से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है होली जैसे बड़े पर्व पर बिजली कटौती से स्थानीय उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब त्योहार को लेकर विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए




विशेष तैयारियों के दावे किए गए थे, तो फिर राजधानी के प्रमुख क्षेत्र में अचानक अंधेरा क्यों छा गया? स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार की बिजली बाधित होने की समस्या से वे पहले ही परेशान हैं, लेकिन होली के दिन ही आपूर्ति ठप हो जाना विभाग की तैयारियों पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वर्तमान स्थिति यह है कि जल निगम कॉलोनी के उपभोक्ता अंधेरे में होली मनाने को मजबूर हैं। अब देखना यह होगा कि मध्यांचल डिस्कॉम और स्थानीय विद्युत अधिकारियों की नींद कब टूटती है और उपभोक्ताओं को इस अंधेरे से कब राहत मिलती है। त्योहार के दिन बिजली संकट ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या विभागीय दावे केवल कागजों तक ही सीमित हैं या वास्तव में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देने की कोई ठोस व्यवस्था भी है।

# बुजुर्ग की गला घोंटकर हत्या: होली के दिन बकरी चराने गई धनदेवी का गन्ने के खेत में शव मिला





(जीएनएस)।

पीलीभीत के जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंसोली में होली के दिन लापता हुई 55 वर्षीय वृद्धा धनदेवी की गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने सुसवार नहर किनारे गन्ने के खेत में उनका शव बरामद किया, जिससे गांव में सनसनी फैल गई।पंसोली निवासी धनदेवी (55), पत्नी मंसाराम मौर्य, होली के दिन अपनी बकरियां चराने 'डबरी' स्थान पर गई थीं। देर रात तक न लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह 9-10 बजे ग्रामीणों ने शव देखा। मृतका के गले में साड़ी का फंदा, एक चप्पल नहर किनारे और दूसरी खेत में मिली, जो संघर्ष की कहानी बयां कर रही है।पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने का मुआयना किया। एसपी नताशा गोयल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या का कारण रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा, लेकिन जांच तेज है। धनदेवी के दो बच्चे हैं—पुत्र टनकपुर में ड्राइवर है। त्योहार के दिन हुई इस घटना से परिवार सदमे में है, गांव में शोक है।

# देहरादून के डीएम ने सेंट्रल गोदाम में की छापेमारी, मचा हड़कंप, कई अनियमितताएं मिली, बड़ा एक्शन

(जीएनएस)।

देहरादून के डीएम सविन बंसल ने बड़ा एक्शन लिया है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आपूर्ति सामग्री की खराब गुणवत्ता की शिकायत के आधार पर डीएम ने बड़ा एक्शन लिया है। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन आपूर्तिकर्ता सेंट्रल गोदाम रुड़की में छापेमारी की।





गोदाम में निरीक्षण के दौरान बाल श्रमिक मिले, जिस पर डीएम ने गोदाम स्वामी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। खजूर एवं केले के चिप्स पर मैन्युफैक्चर एवं एक्सपायरी तिथि भी संदिग्ध पाई गई। आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन आपूर्ति के लिए डिस्पैच हो रहे वाहनों को रूकवाकर डीएम ने सेंपलिंग करवाई।

जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल द्वारा माडी चौक रुड़की स्थित गढ़वाल कुमाऊं में आंगनबाड़ी केंद्र पर राशन आपूर्तिकर्ता सेंट्रल गोदाम पर छापेमारी की गई। राज्य के नोनीहालों एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर डीएम देहरादून ने एक्शन लिया है।

निरीक्षण के दौरान गढ़वाल एवं कुमाऊँ में आंगनबाड़ी केंद्र पर सप्लाई होने वाले अंडा एवं सामग्री की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। कई सामग्री पर मैन्युफैक्चर एवं एक्सपायरी तिथि का उल्लेख ही नहीं था। पैकेट पर छपी हुई मैन्युफैक्चर एवं एक्सपायर तिथि के स्थान पर मिली स्टैंप वाली तिथि पाई गई। इस दौरान डीएम ने पाया कि गोदाम का संचालन मानक के अनुरूप नहीं था। गोदाम में टेंपरेचर मेंटेन कि कोई सुविधा नहीं है।

दिसंबर व जनवरी के अंडे एवं अन्य खाद्य सामग्री मार्च माह में वितरित हो रही है। रजिस्टर भी अपडेट नहीं पाए गए जबकि सामग्री आपूर्ति करता द्वारा निर्गत गुणवत्ता सर्टिफिकेट भी नहीं मिला। आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन आपूर्ति के लिए डिस्पैच हो रहे वाहनों को रूकवाकर डीएम ने सेंपलिंग करवाई। जो कि टिहरी उत्तरकाशी एवं डोईवाला सामग्री लेकर निकलने वाले थे। अंडों की गुणवत्ता भी संदिग्ध पाई गई है।

गोदाम में निरीक्षण के दौरान बाल श्रमिक मिले। खजूर एवं केले के चिप्स पर मैन्युफैक्चर एवं एक्सपायरी तिथि संदिग्ध गढ़वाल एवं कुमाऊँ में आंगनबाड़ी केंद्र पर सप्लाई होने वाले अंडा एवं सामग्री की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई कई सामग्री पर मैन्युफैक्चर एवं एक्सपायरी तिथि का उल्लेख ही नहीं था पैकेट पर छपी हुई मैन्युफैक्चर एवं एक्सपायर तिथि के स्थान पर मिली स्टैंप वाली तिथि पाई गई दिसंबर व जनवरी के अंडे एवं अन्य खाद्य सामग्री मार्च माह में वितरित हो रही है।

रजिस्टर भी अपडेट नहीं पाए गए

सामग्री आपूर्ति करता द्वारा निर्गत गुणवत्ता सर्टिफिकेट भी नहीं मिला

# केबीसी फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी! 18वें सीजन की रजिस्ट्रेशन डेट आउट! स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस

,, 'देवियों और सज्जनों...' यह जादुई आवाज एक बार फिर आपके टीवी स्क्रीन पर गूंजने के लिए तैयार है। भारतीय टेलीविजन का सबसे बड़ा क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' अपने 18वें सीजन के साथ वापसी कर रहा है।

हाल ही में सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर एक बेहद दिलचस्प प्रोमो शेयर किया है, जिसमें सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अपने चिर-परिचित और मजेदार अंदाज में शो के नए सफर का आगाज करते दिख रहे हैं। आइए जानते हैं रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया क्या है...

प्रोमो की शुरूआत में अमिताभ बच्चन लाल रंग के वेलवेट कोट और ब्लैक ट्राउजर में बेहद रॉयल नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह आईने के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते




हैं और कहते हैं- 'सरप्राइज'। इसी वीडियो के साथ उन्होंने केबीसी के आगामी सीजन के लिए रजिस्ट्रेशन की आधिकारिक घोषणा की है।

नोट कर लें तारीखः 9 मार्च से शुरू होंगे सवाल

ङइउ 18 का हिस्सा बनने की चाहत रखने वालों के लिए सबसे बड़ी खबर यह है कि 9 मार्च से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस दिन से अमिताभ बच्चन हर रात सवाल पूछेंगे, जिनका सही जवाब देकर आप हॉट सीट तक पहुंचने की अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

' रजिस्ट्रेशन?

1. आप अपने फोन पर सोनी लिव ऐप के जरिए सीधे सवालों के जवाब दे सकते हैं।

2. टीवी पर प्रसारित होने वाले सवालों का जवाब एसएमएस के माध्यम से दिया जा सकता है। एसएमएस के लिए नंबर भी उसी समय टीवी स्क्रीन पर उपलब्ध कराया जाएगा।

धोखाधड़ी से रहें सावधान

शो के मेकर्स ने प्रोमो के अंत में प्रतियोगियों के लिए एक जरूरी चेतावनी भी जारी की है। चैनल ने स्पष्ट किया है कि केबीसी की चयन प्रक्रिया के लिए किसी भी प्रकार की फीस या शुल्क नहीं लिया जाता है। किसी भी फर्जी लॉटरी या कॉल के झांसे में न आएं, क्योंकि यह शो पूरी तरह से आपकी योग्यता और सही प्रक्रिया पर आधारित है।

कब से ऑन-एयर होगा शो?

अमिताभ बच्चन के पिछले सीजन के भावुक विदाई संदेश के बाद फैंस काफी चिंतित थे, लेकिन अब नए प्रोमो ने उन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। सूत्रों की मानें तो केबीसी का 18वां सीजन इस साल जुलाई या अगस्त तक टीवी पर दस्तक दे सकता है। याद दिला दें कि पिछले सीजन (ङइउ 17) में आदित्य कुमार 1 करोड़ रुपये जीतकर पहले करोड़पति बने थे।